1

पाठ्यक्रम आधारित अधिगम उद्देश्य एवं उन्हें प्राप्त करने के चरण

प्रस्तावना

सतत एवं व्यापक आकलन की योजना के अन्तर्गत कक्षावार पाठ्यक्रम के अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष सीखने–सिखाने के चरणों को मुख्य रूप से दो भागों में बाँटा गया है। जिसमें से पहला भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म–1 व 2 के सोपक्ष है तथा दूसरा भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म–3 व 4 के सापेक्ष है। ऐसा इसलिए सोचा गया है कि एक कक्षा के पाठ्यक्रम को चार स्तरों पर सभी विषयों में यांत्रिक रूप से तोड़ पाना व्यावहारिक नहीं होगा। इसलिए दो भागों में विभाजन कक्षा की शुरूआत व आखिरी भाग के रूप में समझकर इसे व्यावहारिक बना सकते हैं। यह विचार व्यावहारिक रूप में सम्भव भी हो पाता है। शिक्षण व आकलन में समग्रता को समाहित करने के लिए पाठ्यक्रम का अधिक भागों में विभाजन अवरोध पैदा करता है।

टर्म–1 एवं 2

अधिगम क्षेत्र	अधिगम उद्देश्य/विषयवस्तु
सुनकर समझना और समझकर बोलना	• कविता/बालगीत/निबंध आदि के अर्थ एवं भाव को समझकर स्पष्टता से सुना सकें। • पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दे सकें। • चर्चा में अपने अनुभव सुना सकें और दूसरों के अनुभवों को सुन सकें। • नवीन जानकारियों को सुनकर समझकर अपने अनुभव से जोड़ते हुए विचार दे सकें। • कहानी/कविता/गीत आदि के अर्थ एवं भाव को समझकर बता सकें। • पाठ्य सामग्री से सम्बन्धित प्रश्न पूछ सकें एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में दे सकें। • कक्षा–कक्ष में हो रही चर्चा में अपने अनुभव के आधार पर विचार रख सकें। • गीत/कविता का लय व आनन्द के साथ गायन कर सकें। • नवीन जानकारियों को सुनकर समझकर अनुभव से जोड़ते हुए अपने विचार दे सकें। • कहानी/कविता/गीत आदि के अर्थ एवं भाव को समझकर बता सकें। • पाठ्य सामग्री से सम्बन्धित प्रश्न पूछ सकें एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में दे सकें। • कक्षा–कक्ष में हो रही चर्चा में अपने अनुभव के आधार पर विचार रख सकें। • गीत/कविता का लय व आनन्द के साथ गायन कर सकें।

अधिगम क्षेत्र	अधिगम उद्देश्य/विषयवस्तु
पढ़ना और पढ़कर समझना	• कविता, कहानी, चित्र कहानी, पहेलियों को स्पष्ट उच्चारण एवं उतार–चढ़ाव के साथ धाराप्रवाहिता के साथ पढ़ सकें। • पाठ्य सामग्री के मूल भाव एवं विचार को समझ सकें। • नवीन शब्दों को संदर्भ के साथ समझने के लिए शब्दकोश का उपयोग कर सकें। • साहित्य की विभिन्न विधाओं से संबंधित संदर्भ पुस्तकों को पढ़ने की उत्सुकता दिखा सकें। • खोजपूर्ण जानकारी एवं अनुमान, कल्पना आधारित प्रश्नों को पढ़कर समझ सकें। • पाठ्य सामग्री को पढ़कर उस पर प्रतिक्रिया दे सकें।
लिखना	• पाठ्य सामग्री को पढ़ कर उसके अर्थ एवं मूल भाव को उचित विराम चिह्नों के प्रयोग के साथ लिख सकें। • चित्र को देख कर क्रमबद्धता के साथ लगभग 9–10 वाक्यों में विचार को लिख सकें। • पठित सामग्री का सार लिख सकें। • पढ़ी/सुनी लोककथा को स्वयं के स्तर पर लिख सकें। • प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिख सकें एवं तर्क प्रस्तुत कर सकें। • विविध प्रकार की विषयवस्तु के संदर्भ में विस्तार से लेखन कर सकें। • लेखन में सुन्दरता एवं शुद्धता का ध्यान रख सकें। • तुकांत शब्दों का लेखन में प्रयोग कर सकें।
व्याकरण	• वचन की अवधारणा को समझते हुए एक वचन से बहुवचन बना सकें। • अनुनासिक एवं अनुस्वार के उच्चारण भेद को समझ सकें। • विशेषण, उपसर्ग को समझ सकें। • मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कर सकें। • अनेकार्थी शब्दों को समझते हुए उचित संदर्भ में प्रयोग कर सकें। • मूल शब्दों में शब्दांश जोड़कर नया शब्द बना सकें। • विपरीत अर्थ वाले शब्दों की पहचान कर सकें।
सृजनात्मक अभिव्यक्ति	• पाठ्यवस्तु के आधार पर एकांकी, नाटक आदि का अभिनय कर सकें । • गीत/कविता को लय व हावभाव के साथ अभिव्यक्त कर सकें। • पठित सामग्री का सार अपने शब्दों में लिख सकें।
परिवेशीय सजगता	• अपने परिवेश के प्रति सहज व सजग हो सकें। • सामग्रियों के व्यर्थ उपयोग को रोकने की पहल कर सकें। • आसपास की हालातों के बारे में कारण खोज सकें। • परिवेशीय घटनाओं के प्रति राय व्यक्त कर सकें।

टर्म–3 एवं 4

अधिगम क्षेत्र	अधिगम उद्देश्य/विषयवस्तु
सुनकर समझना और समझकर बोलना	• कहानी/कविता/गीत आदि के अर्थ एवं भाव को समझकर हाव–भाव सहित स्पष्टता के साथ सुना सकें। • चर्चा में अपनी बात को तर्क के साथ रख सकें एवं दूसरों की बात को सुन सकें। • नवीन जानकारियों को सुनने के प्रति उत्साहित हो सकें। • संवादों को सुनकर उनके प्रमुख तत्व को समझ सकें। • प्रश्नों को सुनकर समझते हुए उत्तर दे सकें और प्रश्न पूछ सकें।

अधिगम क्षेत्र	अधिगम उद्देश्य/विषयवस्तु
	• अपने आस–पास घटने वाली घटनाओं/अपने अनुभव एवं अपनी भावनाओं को 8–10 वाक्यों में उचित प्रवाह एवं नवीन शब्दावली के प्रयोग के साथ वर्णन करते हुए व्यक्त कर सकें। • नवीन जानकारियों को सुनकर समझकर अनुभव से जोड़ते हुए अपने विचार दे सकें। • विषयवस्तु से संबंधित तर्क संगत प्रश्न पूछ सकें एवं सुनकर क्यों व कैसे वाले प्रश्नों के तर्कसंगत उत्तर पूरे वाक्यों में दे सकें।
पढ़ना और पढ़कर समझना	• पाठ्य सामग्री के मूलभाव को पढ़कर समझ सकें। • उचित गति एवं उच्चारण की शुद्धता के साथ पढ़ सकें और पढ़ी सामग्री के बारे में बात कर सकें। • साहित्य की विभिन्न विधाओं की पुस्तकों को पढ़ने के प्रति रुझान बना सकें। • संबंधित सूचनाओं, निर्देशों एवं पत्रों को पढ़कर समझते हुए कार्य कर सकें। • बढ़ते क्रम में शब्दावली का संदर्भ के साथ अर्थ ग्रहण कर सकें व नवीन जानकारियाँ प्राप्त कर सकें। • संवाद को पढ़कर समझ सकें। • चित्र, कविता, कहानी, अनुच्छेद, पहेलियों को स्पष्ट उच्चारण एवं उतार–चढ़ाव के साथ धारा प्रवाह गति से पढ़ सकें। • पाठ्य सामग्री के मूल भाव एवं विचार को समझ कर अभिव्यक्त कर सकें। • विभिन्न प्रकार की शब्दावली का संदर्भ के साथ अर्थ ग्रहण कर सकें व नवीन जानकारियाँ प्राप्त कर सकें। • पठन हेतु दी गई सामग्री को उचित गति व शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ सकें एवं पठित सामग्री को समझते हुए अपनी राय बता सकें।
लिखना	• प्रश्नों के उत्तर विस्तार व तर्क के साथ लिख सकें। • पत्र के प्रारूप को समझकर स्वयं पत्र लिख सकें। • संवाद लिख सकें। • पहेलियों, लोकोक्तियों, लोककथाओं को खोजकर लिख सकें। • पढ़े गए संवाद को कहानी के रूप में स्वयं के स्तर पर लिख सकें। • पाठ्य सामग्री को पढ़ कर उसके अर्थ एवं मूल भाव को उचित विराम चिह्नों के प्रयोग के साथ लिख सकें। • संस्मरण लिखने हेतु प्रेरित हो सकें।
व्याकरण	• पूर्व में सीखी गई व्याकरणिक अवधारणाओं का दोहरान करते हुए क्रिया और क्रिया विशेषण की पहचान कर सकें एवं उनका प्रयोग कर सकें। • कारक चिह्नों को समझ के साथ पठन–लेखन में उपयोग कर सकें। • संज्ञा, विशेषण, लिंग एवं वचन का इस्तेमाल समझ के साथ कर सकें। • लोकोक्तियों को समझ सकें एवं पर्यायवाची,विपरीतार्थक शब्दों को संदर्भ के अनुसार प्रयोग कर सकें। • समानार्थी शब्दों को समझ सकें एवं अपनी भाषा में प्रयोग भी कर सकें। • लेखन में विराम चिह्नों का उचित प्रयोग कर सकें।
सृजनात्मक अभिव्यक्ति	• अपने अनुभवों को चित्र द्वारा व्यक्त कर सकें। (ऐसे चित्र जिनमें एक से अधिक चीज़ें हो रही हों।) • विषयवस्तु के आधार पर एकांकी, नाटक आदि का अभिनय कर सकें । • गीत/कविता को लय व हावभाव के साथ अभिव्यक्त कर सकें।
परिवेशीय सजगता	• अपने परिवेश के प्रति सहज व सजग हो सकें। • सामग्रियों के व्यर्थ उपयोग को रोकने की पहल कर सकें। • आसपास के हालातों के बारे में कारण खोज सकें। • परिवेशीय घटनाओं के प्रति अपनी राय व्यक्त कर सकें।

2

योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

प्रस्तावना

आकलन सीखने–सिखाने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि आकलन के बगैर सीखना–सिखाना संभव नहीं है। अतः इसी विचारधारा के अनुरूप दो प्रकार के आकलनों की बात राज्य सरकार की सतत एवं व्यापक आकलन की स्कीम में की जाती है। जिसमें पहला रचनात्मक आकलन है जोकि सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में अंतर्गुथित है जो कि कक्षा–कक्षीय प्रक्रिया में निरंतर होता रहता है तथा दूसरा योगात्मक आकलन है जो एक निश्चित अवधि के उपरांत बच्चे की शैक्षिक उपलब्धि का आकलन करता है।

इन दोनों ही प्रकार के आकलनों के लिए एक तार्किक फ्रेमवर्क द्वारा निर्मित व्यवस्था को काम में लिया जाता है तो सीखने–सिखाने को बहुत हद तक उपयुक्त एवं आवश्यक बनाया जा सकता है। इसके लिए आकलन की एक टैक्सॉनामि को काम में लिया जाता है। जिसके अनुरूप तार्किक फ्रेमवर्क (ब्लूप्रिंट) का एक स्वरूप नीचे दिया गया है तथा इस फ्रेमवर्क के अनुसार एक टर्म का लिखित आकलन के लिए योगात्मक आकलन के टूल को भी संरचित किया गया है।

आपको भी इसी तरह योगात्मक आकलन के लिए टूल की संरचना करनी होगी। जिसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का संग्रह (Test Item Pool) आगे दिया गया है। इस संग्रह में अधिगम क्षेत्रवार प्रश्नों के संग्रह को एक टर्म में आए अधिगम क्षेत्रों के सापेक्ष रखा गया है। बुनियादी क्षमताओं के सापेक्ष प्रश्नों के संग्रह को सभी टर्म में नहीं रखा गया है, क्योंकि अनावश्यक दोहरान पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या को ही बढ़ाता। इसलिए यह ध्यान आपको रखना होगा कि आप किस टर्म की या किस कक्षा की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम अपने आकलन टूल में रखना चाहते हैं, उनका चयन उस भाग से कर लिया जाएगा।

प्रथम योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

विषय : हिन्दी | **कक्षा : 5** | **आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट**

क्र. सं.	आकलन के क्षेत्र	ज्ञान के आयाम	प्रश्नों के प्रकार			
			OT	**VSA**	**SA**	**ET**
1.	सुनकर समझना और समझकर बोलना	याद रखना	1	-	-	-
		समझना	-	-	6	-
		अनुप्रयोग करना	-	14	-	-
		विश्लेषण करना	-	18	-	-
		मूल्यांकित करना	-	-	-	-
		सृजन करना	-	-	13	-
2.	पढ़ना और पढ़कर समझना	याद रखना	1	-	-	-
		समझना	8	5, 2	17	13
		अनुप्रयोग करना	10	9	-	-
		विश्लेषण करना	-	-	-	-
		मूल्यांकित करना	-	-	-	-
		सृजन करना	-	-	-	-
3.	लिखना	याद रखना	-	-	-	9, 10
		समझना	-	-	1	-
		अनुप्रयोग करना	-	4	8	2
		विश्लेषण करना	-	-	-	-
		मूल्यांकित करना	-	-	-	-
		सृजन करना	-	-	-	10
4.	व्याकरण	याद रखना	2	-	-	-
		समझना	9	4	-	-
		अनुप्रयोग करना	-	1, 8	-	-
		विश्लेषण करना	-	-	-	-
		मूल्यांकित करना	-	-	-	-
		सृजन करना	-	-	-	-
5.	सृजनात्मक अभिव्यक्ति	याद रखना	-	-	-	-
		समझना	-	-	1	-
		अनुप्रयोग करना	-	-	-	-
		विश्लेषण करना	-	-	-	-
		मूल्यांकित करना	-	-	-	-
		सृजन करना	-	-	-	-
	कुल = 27		**6**	**9**	**7**	**5**

नोट : 5 प्रश्न मौखिक अभिव्यक्ति, जिनमें से 3 प्रश्न उपसमूह की गतिविधि के रूप में हैं। 22 प्रश्न लिखित पत्रक के हैं।

3

योगात्मक आकलन हेतु मौखिक एवं लिखित आकलन टूल नमूना पत्रक

योगात्मक आकलन

विषय : हिन्दी	कक्षा : 5

शाला का नाम : .... रोल नं. : ....

विद्यार्थी का नाम : .... दिनांक : ....

अधिगम क्षेत्र : सुनकर समझना और समझकर बोलना (मौखिक)

1. अपनी पुस्तक में से किसी कविता एक कविता को लय एवं हावभाव के साथ सुनाइए तथा कविता का भावार्थ भी बताइए। **(याद रखना)**
2. स्वच्छता का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है और क्यों ? समूह में चर्चा कीजिए। **(विश्लेषण करना)**
3. बताइए कि "स्वच्छता अभियान"को ध्यान में रखते हुए हमें अपने विद्यालय में क्या–क्या कार्य करने चाहिए? **(समझना)**
4. **उपसमूह गतिविधि** : "मेहनत की कमाई" कहानी पर उपसमूहों में नाटक तैयार करके प्रस्तुत कीजिए। **(सृजन करना)**
5. **उपसमूह गतिविधि :** कक्षा के बच्चों को दो भागों में विभाजित कर प्रश्नोत्तरी करवाएँ। (किसी कहानी/गद्यांश एवं परिचित विषय आदि पर) **(अनुप्रयोग करना)**

अधिगम क्षेत्र : पढ़ना और पढ़कर समझना (लिखित)

1. **निम्न प्रश्नों के सही विकल्प पर सही का निशान लगाइए –** **(याद रखना)**

क– सौगात का अर्थ होता है–

(अ) उपहार (ब) सोगरा (स) सागर (द) सौगंध ( )

ख– एक वर्ष में दिन होते हैं–

(अ) 300 (ब) 350 (स) 365 (द) 325 ( )

ग– मेहनत का अर्थ है।

(अ) परिश्रम (ब) असमर्थ (स) शक्ति (द) आलस्य ( )

घ– विवश का अर्थ होता है।

(अ) परेशान (ब) गुस्सा (स) मजबूर (द) हैरान ( )

2. दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(समझना)**

एक दिन सुबह के समय तीन भाई नये घर की तलाश में निकल पड़े। तेज धूप से तपी गरम–गरम सड़क पर वे चलते गए। थोड़ी दूरी पर ही आम का एक बड़ा पेड़ मिला। तीनों भाई उसके नीचे आराम करने बैठे तभी उनकी नज़र पेड़ पर लगे आमों पर पड़ी। उन्होंने पेड़ से पके आम तोड़े और उनका मीठा–मीठा रस चूसने लगे। बड़े भाई को वह जगह पसंद आई और वह वहीं पर झोंपड़ी बनाकर ठहर गया। उसके दोनों भाई आगे चल पड़े। चलते–चलते उन्हें केले का पेड़ मिला। तभी बारिश आ गई। दोनों भाईयों ने केले के एक–एक पत्ते पर खाना खाया उसके बाद एक–एक केला खाया। मँझले भाई को वह जगह अच्छी लगी और उसने वहीं पर अपना घर बना लिया।

(क) तीनों भाई किस चीज़ की तलाश में निकले थे?

....

....

(ख) जब वे निकले तब मौसम कैसा था?

....

....

(ग) आम का पेड़ किस–किस काम में आता है?

....

....

3. पढ़िए, समझिए और घेरा (○) लगाइए – **(समझना)**

1 छत पर बैठकर केला खाऊँ,
इधर–उधर मैं कूद लगाऊँ।

2 दीवारों पर जाल बनाऊँ,
जिसमें कीड़ों को फँसाऊँ।

द	क	छु	आ	ग
र	बं	में	ढ	क
च	द	स	म	प
क	र	ह	उ	न
म	क	ड़ी	ल्लू	च
कें	चु	आ	म	छ

3 टर्र–टर्र–टर्र की रट लगाऊँ,
फुदक–फुदक पानी में जाऊँ।

4 धीमी चाल से चलता जाऊँ,
दौड़ में फिर भी जीत मैं पाऊँ।

4. पढ़कर शुद्ध शब्दों पर घेरा (○) बनाइए – **(समझना)**

खिलोने, त्योहार, चीमटा, चोकोर, हथोड़ा

खूबसूरत, मौजूद, प्रार्थना, पतथर, सहर

5. **दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रम में व्यवस्थित कीजिए–** **(अनुप्रयोग करना)**

(तरोताज़ा, अनुभव, लापरवाह, मल्हार, बँटवारा, तत्काल)

....

....

6. **उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

(क) दिनेश का .... जयपुर में है। (ग्रह / गृह)

(ख) वह बूढ़ा व्यक्ति बहुत .... है। (दिन / दीन)

(ग) ये कमल के .... हैं। (पिता / पीता)

(घ) रमेश विद्यालय .... पढ़ता है। (मैं / में)

7. **निम्नलिखित पक्तियों को पढ़कर भावार्थ लिखिए –** **(समझना)**

जाति–पाँति के बन्धन तोड़ें
अपने पन की कड़ियाँ जोड़ें,
इस धरती के हर मानव का
मानवता से नाता जोड़ें।
एक दूसरे के सुख–दुख में
मिलकर बैठें हाथ बटाएँ
आओ नया समाज बनाएँ।।

....

....

....

....

....

8. **नीचे दिए गए संवाद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(समझना)**

कीरत : अन्नदाता ! मैं कीरत हूँ। बाहर सिपाहियों का डेरा लगा है। आधी रात को यह क्या हो रहा है?

पन्ना : तो तुम बेखटके चले आए।

कीरत : अन्नदाता ! मैं तो जूठी पत्तल उठाता हूँ। मेरे पास तो टोकरी है और उसमें पत्ते हैं।

पन्ना : कीरत, कुंवर की जान खतरे में है। तुम कुंवर जी को टोकरी में रखकर उन पर गीली पत्तलें डालकर महल से बाहर ले जाओ।

कीरत : कुंवर जी के लिए तो मैं अपनी जान तक दे सकता हूँ। मैं तलवार ले आऊँ।

(क) कीरत क्या काम करता है ?

....

....

(ख) कीरत ने उदयसिंह को महल से बाहर किस प्रकार निकाला ?

....

....

9. यदि आपको विद्यालय में बागवानी करने का अवसर मिले तो आप क्रमशः क्या–क्या कार्य करेंगे? पेड़–पौधों की सुरक्षा के लिये क्या–क्या उपाय करेंगे? अपने विचार लिखिए। (समझना)

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

10. दिए गए चित्र में कौन क्या कर रहा है ? कम से कम 6 से 8 वाक्यों में लिखिए–

(अनुप्रयोग करना)

....

....

....

....

11. दिए गए शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए – (अनुप्रयोग करना)

(दानव, स्वच्छ, आदर, परिश्रम)

....

....

....

....

12. 'फूल सदैव प्रसन्न रहता है, कभी घबराता नहीं है, यदि आप फूल की जगह होते तो क्या–क्या करते और क्यों ? (अनुप्रयोग करना)

13. दिए गए चित्र को देखिए, यह रक्षाबन्धन के त्योहार का चित्र है। आप रक्षाबन्धन के दिन क्या–क्या करते हैं ? लिखिए। (याद रखना)

14. दिए गए चित्र के आधार पर चिड़िया एवं बच्चे के मध्य हो रहे संवाद को लिखिए? (सृजन करना)

बच्चा –
चिड़िया –
बच्चा –
चिड़िया –
बच्चा –
चिड़िया –
बच्चा –
चिड़िया –
बच्चा –
चिड़िया –

15. अपनी पाठ्यपुस्तक से पढ़ी हुई किसी एक कहानी/कविता का लेखन कीजिए – (याद रखना)

....

....

....

....

....

....

....

....

....

अधिगम क्षेत्र : व्याकरण

16. दिए गए शब्दों में से अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द छाँटकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

(संतान, यहाँ, बासंती, कुएँ, प्रसंग, आँसू, संदूक, झाँकी, संसार, दाँत, माँ)

अनुस्वार	अनुनासिक
....	....
....	....
....	....
....	....
....	....

17. निम्नलिखित शब्दों का विलोम शब्द से मिलान कीजिए – (याद रखना)

आज़ाद	सम्मान
इच्छा	पराधीन
स्वाधीन	अनिच्छा
अपमान	गुलाम

18. 'अनुकरण' शब्द में 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। इसी प्रकार 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग करते हुए चार शब्द बनाकर लिखिए। **(समझना)**

अनु – अनुकरण ....

19. दिए गए उपसर्गों को जोड़कर नए शब्द बनाइए – **(अनुप्रयोग करना)**

('अ' आ' बे' भर')

(क) .... (ख) ....

(ग) .... (घ) ....

20. 'गाय सफेद है' वाक्य में 'सफेद' शब्द गाय की विशेषता बता रहा है। विशेषता बताने वाले शब्दों को 'विशेषण' कहते हैं। **(समझना)**

नीचे दिए वाक्यों में विशेषण शब्दों पर घेरा (○) लगाइए –

(क) काला कुत्ता भौंक रहा है। (ख) साहसी व्यक्ति की जीत होती है।

(ग) सर्प जहरीला होता है। (घ) हरे मैदान में ऊँचे–ऊँचे पेड़ खड़े हैं।

अधिगम क्षेत्र : सृजनात्मक अभिव्यक्ति

21. कविता पढ़कर बताइए कि इसमें किसके बारे में कहा गया है ? चित्र भी बनाइए – **(समझना व सृजन करना)**

किसने बटन हमारे कुतरे ?
किसने स्याही को बिखराया ?
कौन चट कर गया दुबक कर
घर–भर में अनाज बिखराया ?

....

....

....

....

22. अजय और विजय के बीच हो रहे संवाद को आगे बढ़ाकर लिखिए– (रचना करना)

अजय : विजय तुम कहाँ जा रहे हो?

विजय : मैं बाज़ार जा रहा हूँ।

अजय : बाज़ार से क्या लाओगे?

विजय : ....

अजय : ....

विजय : ....

अजय : ....

विजय : ....

अजय : ....

विजय : ....

अजय : ....

विजय : ....

शिक्षक टिप्पणी ....

....

....

....

....

शिक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर दिनांक : ....

4

योगात्मक आकलन प्रपत्र बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के मौखिक एवं लिखित प्रश्नों का संग्रह

प्रस्तावना

आगामी पृष्ठों पर अधिगम क्षेत्रवार एवं कौशलवार प्रश्न दिए गए हैं। इस पूल में दिए गए आइटम से ब्लूप्रिंट के अनुसार उपयुक्त चयन करके आपको योगात्मक आकलन के लिए लिखित प्रश्न पत्र का निर्माण करना है। प्रश्न निर्माण हेतु ब्लूप्रिंट पूर्व में दिए अनुसार निर्धारित किया जा सकता है या पूर्व में निर्धारित ब्लूप्रिंट को काम में लिया जा सकता है। आगे आपको जो भी टूल बनाने होंगे, उनको बनाने में उक्त पूल का सहयोग लिया जा सकता है।

टूल बनाते समय इस बात का ध्यान विशेष रूप से रखना होगा कि प्रत्येक टर्म के लिए जो बुनियादी है उसे आगामी टर्म के पाठ्यक्रम पर काम करने के आधार के रूप में समझा जायेगा। इसलिए शुरूआती जिस भी टर्म में बुनियादी क्षमताएँ आ चुकी हैं, वे आगामी टर्मों में दोहराई जायेंगी। राज्य में संचालित स्कीम में यह व्यवस्था इसीलिए की गई है ताकि बच्चों के सीखने में शैक्षणिक अंतर ना रहें।

जो बच्चे अपनी कक्षा के स्तर पर नहीं हैं उन बच्चों के योगात्मक आकलन हेतु बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम उस कक्षा स्तर के आइटम पूल से लेने होंगे जिस स्तर पर अमुक टर्म में बच्चों के साथ काम कराया गया है। नमूने के लिए दिया गया टूल कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं को शामिल करने के विचार पर आधारित है। यदि आपको टूल में नीचे के कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं के आइटम लेने हैं तो आप उस कक्षा स्तर से ले सकते हैं।

इसका तात्पर्य सीधा–सीधा यही हुआ कि कक्षा स्तर के बच्चों का एक टूल होगा तथा कक्षा स्तर से नीचे के बच्चों के लिए अलग–अलग टूल होगा, जो आप अपनी कक्षा की स्थिति के अनुसार बना सकेंगे।

टर्म–1 व 2

अधिगम क्षेत्र : सुनकर समझना और समझकर बोलना

1. अपनी पुस्तक में से किसी एक कविता को लय एवं हावभाव के साथ सुनाइए तथा कविता का भावार्थ भी बताइए। **(याद रखना)**

2. अपनी पुस्तक में से अथवा अन्य कोई कहानी जो आपने पढ़ी है। उसकी मुख्य घटनाओं को अपने शब्दों में सुनाइए। **(समझना)**

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए। (पाठ्यपुस्तक आधारित) **(याद रखना)**

   (क) बालक ने चार आने किस प्रकार कमाए ?

   (ख) बालक ने अन्तिम दिन चवन्नी कुएँ में क्यों नहीं फेंकी ?

   (ग) महात्मा जी के अनुसार धरती ने क्या कहा ?

   (घ) त्योहारों का देश किसे कहा गया है ?

   (ङ) गणतंत्र दिवस कब मनाया जाता है ?

   (च) देवताओं ने अपनी सूझ–बूझ कैसे दिखाई ?

   (छ) साफ–सफाई से क्या –क्या लाभ हैं ?

4. भारतीय व अंग्रेजी महीनों के नाम बताइए। **(याद रखना)**

5. अगस्त महीने में आने वाले व्रत एवं त्योहारों के नाम बताइए। **(याद रखना)**

6. ''स्वच्छता अभियान'' को ध्यान में रखते हुए हमें अपने विद्‌यालय में क्या–क्या कार्य करने चाहिए? **(समझना)**

7. ''नया समाज बनाएँ'' कविता का मूल भाव बताइए। (लयबद्ध गायन भी करवाएँ।) **(याद रखना)**

8. अपनी पाठ्‌यपुस्तक/पुस्तकालय की पुस्तक से पढ़ी हुई किसी कहानी में निहित मूल विचार को बताइए। **(समझना)**

9. पाठ्‌य पुस्तक में से ''बालक का स्वप्न'' पाठ–7 से किसी पैराग्राफ का वाचन करवाइए। **(याद रखना)**

10. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (पाठ्‌यपुस्तक आधारित) **(याद रखना)**

    (क) राजा के प्रश्नों को किसने हल किया ?

    (ख) मंत्री राजा ने स्वप्न में क्या दृश्य देखा था ?

    (ग) भारत माँ के सपूत बनकर कौन–कौन से काम करने चाहिए?

    (घ) हमें एक दूसरे के प्रति कैसा भाव रखना चाहिए ?

    (ङ) एक अच्छे व्यक्ति में कौन–कौन से गुण होने चाहिए ?

    (च) भगिनी निवेदिता वेद की कौन सी ऋचाओं का स्मरण करती थीं ?

11. दिए गए शब्दों में से 3–4 शब्दों का पठन कीजिए – (पाठ्यपुस्तक आधारित) **(याद रखना)**

सत्पुरूष, मनुष्य ,सर्वत्र, वंदन ,कड़ियाँ, तोड़े, अन्यथा,

प्रशंसा, पत्नी , आमंत्रित ,उम्र, स्वप्न ....आदि

12. **उपसमूह गतिविधि :** मेहनत करना क्यों जरूरी है ? समूह में चर्चा कीजिए। **(समझना)**

13. **उपसमूह गतिविधि** : ''मेहनत की कमाई'' कहानी पर उपसमूहों में नाटक तैयार करके प्रस्तुत कीजिए। **(सृजन करना)**

14. **उपसमूह गतिविधि :** कक्षा के बच्चों को दो भागों में विभाजित कर प्रश्नोत्तरी करवाएँ। (किसी कहानी/ गद्यांश एवं परिचित विषय आदि पर) **(अनुप्रयोग करना)**

15. **उपसमूह गतिविधि :** ''बालक का स्वप्न'' कहानी को संवाद में बदलकर मंचन कीजिए। **(सृजन करना)**

16. **समूह चर्चा :** आपके विचार से किस प्रकार के समाज का निर्माण करना चाहिए ? **(समझना)**

17. **समूह चर्चा** : हमारे परिवेश में हो रहे जातिगत भेदभाव पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। **(अनुप्रयोग करना)**

18. **समूह चर्चा** : स्वच्छता का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है और क्यों ? समूह में चर्चा कीजिए। **(विश्लेषण करना)**

अधिगम क्षेत्र : पढ़ना और पढ़कर समझना

1. निम्न प्रश्नों के सही विकल्प पर सही का निशान लगाइए – **(याद रखना)**

क– सौगात का अर्थ होता है–

(अ) उपहार (ब) सोगरा (स) सागर (द) सौगंध ( )

ख– एक वर्ष में दिन होते हैं–

(अ) 300 (ब) 350 (स) 365 (द) 325 ( )

ग– मेहनत का अर्थ है।

(अ) परिश्रम (ब) असमर्थ (स) शक्ति (द) आलस्य ( )

घ– विवश का अर्थ होता है।

(अ) परेशान (ब) गुस्सा (स) मजबूर (द) हैरान ( )

ङ– 'अपनी वस्तु' पाठ में दोनों भाई कर रहे थे।

(अ) हँसी मजाक (ब) लड़ाई झगड़ा (स) बातचीत (द) खाना खा रहे थे ( )

च– हमारा देश कहलाता है–

(अ) त्योहारों का (ब) नदियों का (स) पेड़ों का (द) पर्वतों का ( )

छ– पन्द्रह अगस्त है

(अ) महिला दिवस (ब) शिक्षक दिवस (स) आजादी का दिवस (द) बाल दिवस ( )

ज– राखी का त्योहार है–

(अ) मित्रों का (ब) भाई बहिन का (स)सखियों का (द) बच्चों का ( )

झ– छब्बीस जनवरी है–

(अ) शिक्षक दिवस (ब) स्वतन्त्रता दिवस (स) गणतन्त्र दिवस (द) बाल दिवस ( )

ट– भाई चारे का सन्देश देने वाला त्योहार है–

(अ) रक्षा बंधन (ब) ईद (स) ओणम (द) वसंत पंचमी ( )

ठ– धूप से हमें मिलता है–

(अ) विटामीन 'ए' (ब) विटामीन 'सी' (स) विटामीन 'डी' (द) विटामीन 'ई' ( )

2. दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(समझना)**

एक दिन सुबह के समय तीन भाई नये घर की तलाश में निकल पड़े। तेज धूप से तपी गरम–गरम सड़क पर वे चलते गए। थोड़ी दूरी पर ही आम का एक बड़ा पेड़ मिला। तीनों भाई उसके नीचे आराम करने बैठे तभी उनकी नज़र पेड़ पर लगे आमों पर पड़ी। उन्होंने पेड़ से पके आम तोड़े और उनका मीठा–मीठा रस चूसने लगे। बड़े भाई को वह जगह पसंद आई और वह वहीं पर झोंपड़ी बनाकर ठहर गया। उसके दोनों भाई आगे चल पड़े। चलते–चलते उन्हें केले का पेड़ मिला। तभी बारिश आ गई। दोनों भाईयों ने केले के एक–एक पत्ते पर खाना खाया उसके बाद एक–एक केला खाया। मँझले भाई को वह जगह अच्छी लगी और उसने वहीं पर अपना घर बना लिया।

(क) तीनों भाई किस चीज़ की तलाश में निकले थे?

....

....

(ख) जब वे निकले तब मौसम कैसा था?

....

....

(ग) आम का पेड़ किस–किस काम में आता है?

....

....

3. पहेली पढ़कर नाम बताइए – **(समझना)**

(क) खाना खूब चबाएंगे
मुँह की शान बढ़ाएंगे,
स्वच्छ अगर तुम रखोगे, ...
पूरा साथ निभाएंगे।

(ख) अच्छा बोलूँ तो सब गुण गाते,
बुरा बोलूँ तो सब पछताते,
मेरे अच्छे गुण के कारण, ...
सज्जन पुरुष सम्मान हैं पाते।

4. कविता को पढ़कर समझते हुए नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **(समझना)**

वह देखो माँ आज, खिलौने वाला फिर से आया है।
कई तरह के सुंदर–सुंदर, नए खिलौने लाया है।
तुम सोचोगी मैं ले लूँगा तोता, बिल्ली, मोटर, रेल
पर माँ, यह मैं कभी न लूँगा, ये तो हैं बच्चों के खेल।
मैं तलवार खरीदूँगा माँ, या मैं लूँगा तीर–कमान
जंगल में जा, किसी ताड़का को मारुँगा राम समान।
तपसी यज्ञ करेंगे, असुरों को मैं मार भगाऊँगा।

(क) कविता का शीर्षक/नाम लिखिए।

....

(ख) बालक राम बनकर किसको मारने की बात कर रहा है?

(अ) रावण (ब) ताड़का (स) कंस (द) महिषासुर ( )

(ग) यज्ञ करने का कार्य करते हैं –

(अ) असुर (ब) आप (स) तपसी (द) माँ ( )

(घ) कविता पढ़कर दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

(अ) मैं .... खरीदूँगा माँ, या मैं लूँगा .... ।

(ब) वह देखो माँ आज, ... फिर से आया है।

(ङ) **मिट्टी के बर्तन बनाने वाले को "कुम्हार" कहते हैं, दिए गए कामगारों का उनके काम से मिलान कीजिए –**

(अ)	मरीजों का इलाज करने वाला	खिलौने वाला
(ब)	गलीचा बनाने वाला	लकड़हारा
(स)	खिलौने बेचने वाला	पायलेट
(द)	लकड़ी काटने वाला	डॉक्टर
(य)	वायुयान चलाने वाला	बुनकर

5. **पढ़िए, समझिए और घेरा लगाइए –** **(अनुप्रयोग करना)**

1 छत पर बैठकर केला खाऊँ,
इधर–उधर मैं कूद लगाऊँ।

2 दीवारों पर जाल बनाऊँ,
जिसमें कीड़ों को फँसाऊँ।

द	क	छु	आ	ग
र	बं	में	ढ	क
च	द	स	म	प
क	र	ह	उ	न
म	क	ड़ी	ल्लू	च
कें	चु	आ	म	छ

3 टर्र–टर्र–टर्र की रट लगाऊँ,
फुदक–फुदक पानी में जाऊँ।

4 धीमी चाल से चलता जाऊँ,
दौड़ में फिर भी जीत मैं पाऊँ।

6. **नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(समझना)**

किसान का जीवन बहुत कठिन है। वह खेतों में दिन–रात परिश्रम करता है तथा अन्न उगाकर सभी का पेट भरता है। सुबह होते ही वह अपने हल–बैल लेकर खेत पर चला जाता है तथा दिन भर वहीं काम करता है। गर्मी, सर्दी, बरसात सभी ऋतुओं में उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। वह संसार भर को अन्न प्रदान करता है। किसान ने कभी भी अपने सुख चैन या आराम की परवाह नहीं की। वह अपने कच्चे घर में अपने परिवार के साथ प्रसन्न रहता है।

(क) किसान दिन–रात परिश्रम से क्या कार्य करता है?

(अ) अन्न उगाकर सभी का पेट भरता है। (ब) जानवरों को परेशान करता है।

(स) मेहनत करता है। (द) खेत में सोता रहता है। ( )

(ख) किसान के जीवन को कठिन कहा गया है, क्योंकि –

....

(ग) अनुच्छेद का कोई शीर्षक/नाम लिखिए – ....

7. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(समझना)**

(परिश्रम , कठिन , मेहनत , प्रदान , प्रसन्न)

(क) काले बादल छाते हुए देखकर किसान का मन .... हो जाता है।

(ख) संसार को अन्न मिल पाना किसान के .... और .... का फल है।

(ग) कार्य कितना भी .... हो, लगन से करने पर सफलता मिल जाती है।

(घ) परिश्रम व ईमानदारी से किया गया कार्य सदैव खुशियाँ .... करता है।

8. पढ़कर शुद्ध शब्दों पर घेरा (○) बनाइए – **(समझना)**

खिलोने, त्योहार, चीमटा, चोकोर, हथोड़ा

खूबसूरत, मौजूद, प्रार्थना, पतथर, सहर

9. दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रम में व्यवस्थित कीजिए– **(अनुप्रयोग करना)**

(तरोताज़ा, अनुभव, लापरवाह, मल्हार, बँटवारा, तत्काल)

....

....

10. उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए – **(अनुप्रयोग करना)**

(क) दिनेश का .... जयपुर में है। (ग्रह / गृह)

(ख) वह बूढ़ा व्यक्ति बहुत .... है। (दिन / दीन)

(ग) ये कमल के .... हैं। (पिता / पीता)

(घ) रमेश विद्यालय .... पढ़ता है। (मैं / में)

11. पढ़कर समझते हुए मिलान कीजिए – **(याद रखना)**

चिट्ठी पत्री बाँटने वाला	शिक्षक
खेती करने वाला	चरवाहा
पशु चराने वाला	किसान
शिक्षा देने वाला	डाकिया

12. निम्न कविता को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(समझना)**

कितना अच्छा होता भईया
हम पंछी बन जाते,
उड़ते फिरते नील गगन में
मीठे गीत सुनाते।

(क) बालक पंछी क्यों बनना चाहता है ?

(ख) पंछी हमेशा स्वतंत्र रह कर नील गगन में उड़ते हैं, पंछी को पिंजरे में बंद करने से क्या होगा ?

13. निम्नलिखित पक्तियों को पढ़कर भावार्थ लिखिए – **(समझना)**

जाति–पाँति के बन्धन तोड़ें
अपने पन की कड़ियाँ जोड़ें,
इस धरती के हर मानव का
मानवता से नाता जोड़ें।
एक दूसरे के सुख–दुख में
मिलकर बैठें हाथ बटाएँ
आओ नया समाज बनाएँ।।

14. निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी कीजिए – **(याद रखना)**

(क) भाईचारे का संदेशा, ले .... आती है।

(ख) मीठी खीर, सेवइयाँ, सबके .... को भाती है।

15. दिए गए निर्देशों के आधार पर वर्ग पहेली पूरी कीजिए – **(अनुप्रयोग करना)**

बाएँ से दाएँ के क्रम में –

3. माँ का भाई (2)
4. सबको उजाला देने वाला (3)
6. सब्जी में डाला जाता है (3)
8. घर का दूसरा नाम (3)

ऊपर से नीचे के क्रम में –

1. कपड़े धोने वाला (2)
2. पानी का अंग्रेजी नाम (3)
5. राजा का विलोम (2)
7. काला का बहुवचन (2)

1		2		3 मा	मा
	4				5
7			6		
		8			

16. निम्नलिखित वैज्ञानिकों के नाम दी गई तालिका में खोजकर घेरा लगाइए – **(अनुप्रयोग करना)**

रामानुज, जगदीशचन्द्र बसु, भास्कराचार्य, आर्य भट्ट

ज	ग	दी	श	च	न्द्र	ब	सु
रा	भा	भ	टा	र्य	भ	ट्ट	श्रु
मा	च	स्क	श्र	द	णा	क	त
नु	म	र	श्रा	द्वा	थ	पि	ह
ज	क	ल	व	चा	ज	ल	न
न	ना	गा	र्जु	न	र्य	छ	ज

17. नीचे दिए गए संवाद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(समझना)**

कीरत : अन्नदाता ! मैं कीरत हूँ। बाहर सिपाहियों का डेरा लगा है। आधी रात को यह क्या हो रहा है?

पन्ना : तो तुम बेखटके चले आए।

कीरत : अन्नदाता ! मैं तो जूठी पत्तल उठाता हूँ। मेरे पास तो टोकरी है और उसमें पत्ते हैं।

पन्ना : कीरत, कुंवर की जान खतरे में है। तुम कुंवर जी को टोकरी में रखकर उन पर गीली पत्तलें डालकर महल से बाहर ले जाओ।

कीरत : कुंवर जी के लिए तो मैं अपनी जान तक दे सकता हूँ। मैं तलवार ले आऊँ।

(क) कीरत क्या काम करता है ?

....

....

(ख) कीरत ने उदयसिंह को महल से बाहर किस प्रकार निकाला ?

....

....

18. कविता की पंक्तियों को पढ़कर सही क्रम में जमाइए – **(समझना)**

(क) मक्खी धूल जहाँ मँडरायी,

(ख) बिना ढके जो रखी मिठाई,

(ग) ऐसा भोजन मत कर मत कर।

(घ) गंद पड़ा हो जिसके ऊपर,

(1) ....

(2) ....

(3) ....

(4) ....

19. सही कथन पर सही (✓) व गलत पर गलत (✗) का निशान लगाइए – (याद रखना)

(क) भारत देश त्योहारों का देश है। ( )

(ख) लड़के की गर्दन–कमर–पैरों में दर्द होने लगा। ( )

(ग) पन्ना उदय सिंह की धाय माँ थी। ( )

(घ) जैसलमेर राजस्थान के पूर्व में स्थित है। ( )

(ङ.) देवता एवं दानव भोजन के लिए लड़ने लगे। ( )

20. निम्नांकित वाक्यों के लिए सही शब्द का चयन कर लिखिए – (याद रखना)

(कलकल, विद्यार्थी, प्रजापति, रक्षाबन्धन, चहचहाट)

(क) चिड़िया के चहकने की आवाज ....

(ख) नदी के बहने की आवाज ....

(ग) विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र–छात्रा ....

(घ) देवता और दानवों के पिता ....

(ङ.) बहनों का त्योहार ....

अधिगम क्षेत्र : लिखना

1. यदि आपको विद्यालय में बागवानी करने का अवसर मिले तो आप क्रमशः क्या–क्या कार्य करेंगे? पेड़–पौधों की सुरक्षा के लिये क्या–क्या उपाय करेंगे? अपने विचार लिखिए। (समझना)

....

....

....

....

....

....

....

....

....

2. दिए गए चित्र में कौन क्या कर रहा है ? कम से कम 6 से 8 वाक्यों में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

3. चित्र देखकर एक छोटी सी कविता बनाइए। (सृजन करना)

4. दिए गए शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए – (अनुप्रयोग करना)

(दानव, स्वच्छ, आदर, परिश्रम)

5. छोटे बच्चों को खिलौने अधिक पसन्द होते हैं, आपको कौन–कौन से खिलौने पसन्द हैं और आप उनसे कैसे खेलते हैं? लिखिए। (अनुप्रयोग करना)

6. खिलौने वाले से यदि आपको बातचीत करने का अवसर मिले तो क्या–क्या बातें करेंगे? पाँच प्रश्न बनाकर लिखिए। (समझना)

7. चित्र को देखकर एक कहानी लिखिए –   (रचना करना)



....
....
....

8. 'फूल सदैव प्रसन्न रहता है, कभी घबराता नहीं है, यदि आप फूल की जगह होते तो क्या–क्या करते और क्यों ?   (अनुप्रयोग करना)

....
....
....

9. दिए गए चित्र को देखिए, यह रक्षाबन्धन के त्योहार का चित्र है। आप रक्षाबन्धन के दिन क्या–क्या करते हैं ? लिखिए।   (जानकारी)

....
....

10. दिए गए चित्र के आधार पर चिड़िया एवं बच्चे के मध्य हो रहे संवाद को लिखिए? (रचना करना)

बच्चा –

चिड़िया –

बच्चा –

चिड़िया –

बच्चा –

चिड़िया –

बच्चा –

चिड़िया –

बच्चा –

चिड़िया –

11. अपनी पाठ्यपुस्तक से पढ़ी हुई किसी एक कहानी/कविता का लेखन कीजिए – (याद रखना)

12. किसी सुनी/पढ़ी हुई कहानी का संक्षित रूप में लेखन कीजिए – (याद रखना)

13. राखी का त्योहार कब व कैसे मनाया जाता है ? (याद रखना)

14. 'अनोखी सूझ' कहानी के आधार पर बताइए कि प्रजापति ने भोजन करने की क्या शर्त रखी ? (याद रखना)

15. चित्र देखकर अपने मन से लिखिए कि ये पक्षी आपस में क्या–क्या बातें कर रहे होंगे ? (रचना करना)



16. दिए गए शब्दों के आधार पर कहानी लिखिए – (रचना करना)

(लोमड़ी, शेर, हाथी, खरगोश, नदी, जंगल)

17. चित्र दृश्य को देखकर अपने मन के विचारों को कम से कम 8 से 10 वाक्यों में लिखिए –

(रचना करना)

18. चित्र देखकर अनुमान लगाते हुए 8 से 10 वाक्यों में लिखिए कि बच्चे क्या कर रहे हैं ? (रचना करना)

19. मान लीजिए कि आपके पड़ौस में बाल–विवाह हो रहा है। बाल–विवाह रोकने हेतु आप क्या–क्या प्रयास करेंगे ? कोई मुख्य 4–5 बातें लिखिए। (अनुप्रयोग करना)

20. **अपने पसन्द के खेल का चित्र बनाकर खेल खेलने की विधि एवं खेल आपको क्यों अच्छा लगता है?**

(विश्लेषण करना)

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

अधिगम क्षेत्र : व्याकरण

1. **दिए गए शब्दों में से अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द छाँटकर लिखिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

(संतान, यहाँ, बासंती, कुएँ, प्रसंग, आँसू, संदूक, झाँकी, संसार, दाँत, माँ)

अनुस्वार	अनुनासिक
....	....
....	....
....	....
....	....
....	....

2. **निम्नलिखित शब्दों का विलोम शब्द से मिलान कीजिए –** **(याद रखना)**

आज़ाद	सम्मान
इच्छा	पराधीन
स्वाधीन	अनिच्छा
अपमान	गुलाम

3. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –** **(याद रखना)**

(क) शुभ = ...

(ख) गंदा = ...

(ग) मित्र = ...

(घ) सुबह = ...

4. 'अनुकरण' शब्द में 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। इसी प्रकार 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग करते हुए चार शब्द बनाकर लिखिए। (समझना)

अनु – अनुकरण ....

5. ''हार'' शब्द के साथ अलग–अलग उपसर्ग का प्रयोग करके नए शब्द बनाइए – (समझना)

जैसे– प्र + हार = प्रहार ....

....

....

6. 'शक' शब्द में 'बे' उपसर्ग लगाने से 'बेशक' शब्द बना है, इसी प्रकार 'देश' शब्द में नीचे दिए गए उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए। (याद रखना)

उपसर्ग	शब्द



....
....
....
....
....

7. उपसर्ग जोड़कर नया शब्द बनाइए – (याद रखना)

जैसे– **अभि + मान = अभिमान**

अधि + कार = ...

उप + देश = ...

सह + योग = ...

8. दिए गए उपसर्गों को जोड़कर नए शब्द बनाइए – (अनुप्रयोग करना)

('अ' आ' बे' भर')

(क) .... (ख) ....

(ग) .... (घ) ....

9. 'गाय सफेद है' वाक्य में 'सफेद' शब्द गाय की विशेषता बता रहा है। विशेषता बताने वाले शब्दों को 'विशेषण' कहते हैं। (समझना)

नीचे दिए वाक्यों में विशेषण शब्दों पर घेरा लगाइए –

(क) काला कुत्ता भौंक रहा है। (ख) साहसी व्यक्ति की जीत होती है।

(ग) सर्प जहरीला होता है। (घ) हरे मैदान में ऊँचे–ऊँचे पेड़ खड़े हैं।

10. उचित सर्वनाम लिखकर वाक्य पूरे कीजिए – **(समझना)**

(क) कल .... सब साथ–साथ खेलेंगे।

(ख) महेश .... याद करता है।

(ग) आज .... एक पौधा लगाया।

(घ) मुझे .... भरोसा नहीं है।

11. दिए गए वाक्यों में से कारक चिह्न को छाँटकर लिखिए – **(याद रखना)**

(क) नीतू चम्मच से चावल खाती है। ....

(ख) राजेश आज दिल्ली से आ गया। ....

(ग) रामू ने एक गाय खरीदी थी। ....

(घ) रोहित को बाजार जाना है। ....

12. दिए गए कारक चिह्नों का प्रयोग करते हुए वाक्य पूरे कीजिए – **(समझना)**

ने
में
को

(अ) राम .... सभी लोगों की अच्छी मदद की है।

(ब) पक्षियों .... कभी भी नहीं पकड़ना चाहिए।

(स) कमरे .... बहुत सारे छात्र बैठते हैं।

13. दिए गए विशेषण शब्दों का उचित संज्ञाओं से मिलान कीजिए – **(याद रखना)**

लम्बी	आदमी
भारी	मिठाई
स्वादिष्ट	वर्षा
भला	मौसम
सुहावना	सड़क

14. दिए गए अनुच्छेद में कारक चिह्नों का प्रयोग कर रिक्त स्थान भरिए – **(अनुप्रयोग करना)**

बहुत समय पहले .... बात है किसी प्रदेश .... एक सुन्दर सरोवर था। वह कमलों .... सुशोभित था। एक दिन सरोवर .... हंसों .... एक दल विहार .... उतरा। संयोगवश एक बहेलिये .... पहले .... ही वहाँ जाल बिछा रखा था। हंसों .... राजा जाल .... फँस गया।

15. दिए गए मुहावरों का अर्थ समझते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

(क) पलकें बिछाना = प्रेमपूर्वक स्वागत करना

....

....

(ख) फूला न समाना = बहुत खुश होना

....

....

(ग) पत्थर की लकीर = पक्की बात

....

....

(घ) कमर कसना = तैयार होना

....

....

16. उचित मुहावरे का प्रयोग कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए – (समझना)

आँख का तारा होना	ईद का चाँद होना	फूला नहीं समाना	काम तमाम करना

(क) बेटी माँ की .... होता है।

(ख) उमेश अपनी प्रशंसा सुनकर .... ।

(ग) सैनिक ने दुश्मन का .... कर दिया।

(घ) आजकल तो तुम .... हो गए हो।

17. कुछ शब्द सुनने में समान लगते हैं, लेकिन उनके अर्थ बिल्कुल अलग होते हैं। नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ जानने के लिए वाक्य में प्रयोग कीजिए – (समझना एवं अनुप्रयोग करना)

जैसे– ओर–और

ओर– चिड़िया उस ओर उड़ गई। **और– एक और दो तीन होते हैं।**

(क) मैं – ....

में – ....

(ख) बस – ....

बस – ....

(ग) हार – ....

